कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com   www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–17, अंक–19, अक्टूबर 2017

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



## कामधेनु पेंट्स के रंगो से रोशन दीपावली

जीवन के हर पल में कई रंग और हर रंग में जीवन के पल होते हैं। दोनों का बड़ा ही खूबसूरत रिश्ता होता है। इस खूबसूरत रिश्ते को कामधेनु पेंट्स ने बड़े ही प्यार से संवारा है ताकि हर कोई अपने जीवन के पलों को खूबसूरत रंगों से भर सके। जीवन में इमोशन को बयां करने वाले कामधेनु पेंट्स ने बहुत थोड़े ही समय में देश में अपनी पहचान बनाई है और आज देश के प्रमुख पेंट कंपनियों में से एक है। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कंपनी ने इनोवेशन और गुणवत्ता का सहारा लिया और उपभोक्ताओं तक आविष्कारी रंगों की विस्तृत रेंज पहुंचाई। इन सजावटी रंगों ने समाज के सभी वर्गों तक अपनी पहुंच बनाई और आधुनिक पीढ़ी का पसंदीदा पेंट बना है।

इन रंगों ने हर त्यौहारों को हमेशा ही रोशन किया और जब रोशनी के त्यौहार दिपावली की बात आती है तो इसकी चमक और बढ़ जाती है। इन सजावटी रंगों से जहां दिवारों की चमक बढ़ी वहीं लोगों के चेहरों की भी मुस्कान बढ़ी जिसने अपनो को खुशी दी और त्यौहारों को खुशियों का घर दिया। दीपावली के अवसर पर कामधेनु पेंट्स के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने कहा, ''दीपावली रोशनी का त्यौहार है और ये रोशनी लोगों के घर में सुख–समृद्धि के रूप में आती रहे। लोगों को खुशियां मिलती रहे। इन खुशियों को सजाने में हमारे सजावटी रंगों की भी भूमिका रहे।''

इनोवेशन के जरिए कामधेनु ने उन्नत तकनीक का उपयोग कर उच्च गुणवत्ता वाले सजावटी रंगों का निर्माण किया जिससे ग्राहकों को बेहतरीन फिनिश वाले ऐसे टिकाऊ रंग मिले जो उनके सपनों के करीब हैं। कंपनी ने इस कार्य को पूरी प्रतिबद्धता के साथ किया। इस प्रतिबद्धता ने और बेहतर निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया और कंपनी ने सजावटी रंगों में विस्तार करते हुए एक विस्तृत श्रृंखला को पेश किया। ये रंग टिकाऊ होने के साथ बेहतरीन फिनिश भी देते हैं जो उपभोक्ता के घर को उसके सपनो की तरह आकर्षक बनाते हैं।

विकास को सकारात्मक विकास के रूप में परिभाषित करने की जरूरत को भी कामधेनु पेंट्स ने समझा और समय की जरूरत के अनुसार इको–फ्रेंडली पेंट्स की दिशा मे आगे बढ़ी। पर्यावरण तथा उपभोक्ताओं के फायदे को ध्यान में रखते हुए कंपनी लो वीओसी इको–फ्रेन्डली उत्पादों की श्रृंखला में लगातार विकास कर रही है। कामधेनु पेंट्स के उत्पादों में उम्दा फिनिश वाले एक्सटीरियर इमल्शंस, इंटीरियर इमल्शंस, एक्रिलिक डिस्टेंपर्स, इनेमल पेंट्स, सीमेंट पेंट्स, वॉल प्राइमर और पुट्टी तथा टेक्सचर एंड डिजाइन फिनिश, स्टेनर्स, पीयू वुड फिनिश तथा मेटलिक फिनिश शामिल हैं। हाल ही में कंपनी ने उच्च गुणवत्ता के वाटर–प्रूफ, कैमोप्रूफ उत्पादों को भारतीय बाज़ार में पेश किया है जो ग्राहकों की पहली पसंद बन रहे हैं।

कामधेनु पेंट्स को टॉप रैंकिंग और पसंदीदा ब्रांड बनाने में कामधेनु के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने अपने दूरदर्शी नज़रिए का उपयोग किया। और बेहतर प्लानिंग करते हुए देश में कामधेनु पेंट्स के बिजनेस को बढ़ाया। डिस्ट्रीब्यूटर चैनल का भी विस्तार करते हुए 4000 से अधिक डीलर्स को कंपनी के साथ जोड़ा जिससे हर इलाके के ग्राहकों तक पहुंच सुनिश्चित हो रही है। ऐसे बिजनेस मॉडल का निर्माण किया जिससे ग्राहकों और डीलर्स तक लाभ का शेयर सही तरीके से पहुंचता रहे।

उपर्युक्त जानकारियों के साथ ही श्री सौरभ अग्रवाल ने कामधेनु पेंट्स एवं कामधेनु ग्रुप से जुड़े सभी चैनल पार्टनर्स को दीपावली एवं नये साल की शुभकामनाएं दी।



# वायुसेना ने दिखाया अपना पराक्रम



सुखोई 30

जगुआर

C–130 हरक्यूलिस

भारतीय वायुसेना ने 24 अक्टूबर को इतिहास रचते हुए आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस पर सबसे बड़ी ऑपरेशनल एक्सरसाइज की। आपातकालीन परिस्थितियों में अपनी क्षमता को परखने के लिए किए गए इस अभ्यास में मिराज 2000, जगुआर, सुखोई 30 और मालवाहल विमान C–130 हरक्यूलिस ने अपना दमखम दिखाया। इस अभ्यास का उद्देश्य वायुसेना को युद्ध की स्थिति में रनवे का विकल्प उपलब्ध कराना है ताकि युद्ध के दौरान लड़ाकू विमान देश के हाइवे से उड़ान भर कर जवाबी कार्यवाही कर सके। युद्ध के दौरान सबसे पहले एयपोर्ट और एयरबेस को टारगेट कर हमला किया जाता है ताकि वायुसेना की प्रतिक्रिया को सीमित किया जा सके।

इस अभ्यास में जहां अमरिका निर्मित C–130 हरक्यूलिस ने आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर लैंडिंग की वहीं लड़ाकू विमानों ने टचडाउन किया (जमीन को छुकर विमान का उड़ जाना)। एक्सप्रेस–वे के 3.5 किमी लंबी एयर स्ट्रिप पर हरक्यूलिस C–130 के उतरने के साथ ही गरुड़ कमांडो भी ने भी अपने युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया। इसके बाद लड़ाकू विमानों ने टचडाउन शुरू किया। सबसे पहले लंबी दूरी तक बम गिराने में सक्षम विमान जगुआर ने टचडाउन के किया। इसके बाद करगिल युद्ध के दौरान दुश्मन के बंकर को तबाह करने वाले विमान मिराज–2000 और सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान एयर स्ट्रिप पर आए और छूकर वापस आकाश में चले गए।

### एक नज़र विमानों के दमखम पर

**सुखोई 30**

- 2600 किमी की अधितम गति
- हर मौसम में उड़ान भरने की क्षमता
- एक बार में 3.75 घंटे उड़ान भर सकता है
- एक बार में 3000 किमी की दूरी तय कर सकता है
- हवा से ज़मीन और हवा से हवा मे वार करने की क्षमता

**मिराज 2000**

- अधिकतम गति 2400 किमी
- रेंज 3335 किमी
- लेजर गाइडेड बम दागने की क्षमता
- 6300 किग्रा के आयुध सामग्री ले जाने की क्षमता

**जगुआर**

- 1700 किमी की अधिकत रफ्तार
- 13779 मीटर की ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम
- रेंज 1408 किमी

**C–130 हरक्यूलिस**

- भारतीय वायुसेना का सबसे बड़ा मालवाहक
- 660 मिमी प्रतिघंटा
- 19050 किग्रा वहन क्षमता



# मंत्री स्तरीय वार्ता पर बेहतर ढंग से आगे बढ़ते भारत–अमरिका

भारत और अमरिका दोनों ही अपने सम्बन्धों को बेहतर और मजबूत ढंग से आगे बढ़ा रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण अमरिकी विदेश मंत्री टिलरसन का भारत दौरा है। भारत के दौरे पर आए टिलरसन का यह पहला आधिकारिक दौरा भी है। इस दौरे पर टिलरसन ने सुषमा स्वराज से मुलकात की और भारत–अमरिका संबंधों पर सकारात्मक बयान दिए। ये बयान दोनों ही देशों के दूरगामी हितों के लिए काफी अहमियत रखते है।

टिलरसन के साथ बैठक में सुषमा स्वराज ने कई अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों के साथ भारत के हित से जुड़े कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। इन मुद्दों में खास थे एच 1बी वीजा, आतंकवाद और पाकिस्तान। सुषमा स्वराज ने एच 1बी वीजा पर अपनी चिंताओं को सही ढंग से टिलरसन के समक्ष रखा। सुषमा ने कहा, "टिलरसन ने भी माना है कि कोई भी दो देश इनोवेशन को इतना आगे नहीं बढ़ा सकते जितना भारत और अमरिका ने बढ़ाया है।" सुषमा ने यह भी कहा कि अमेरिका द्वारा कुछ भी ऐसा नहीं किया जाना चाहिए जिससे भारत के हितों पर चोट पहुंचे।

इस बैठक में टिलरसन ने पाकिस्तान को सख्त लहजे में चेताया और आतंकवाद के खिलाफ मुहिम में भारत का समर्थन किया और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा, भारत के मिलिटरी आधुनिकीकरण में अमेरिका का सहयोग जारी रहेगा और नई अफगानिस्तान नीति में भारत को अहम साझेदार बताया। साथ ही सिर्फ दक्षिण एशिया, हिंद व प्रशांत महासागर के अलावा वैश्विक स्तर पर रणनीतिक महत्व पर जोर दिया।

# पटना में सम्पन्न हुई फेब्रिकैटर्स मीट

## फेब्रिकैटर्स कामधेनु कलर मैक्स की गुणवत्ता के हुए मुरीद

भारतीय कारपोरेट जगत में कामधेनु लिमिटेड ने अपने इनोवेशन से व उत्पादों की गुणवत्ता से एक खास पहचान बनाई है। इसके साथ ही कंपनी ने हमेशा ही बाज़ार की व्यवहारिकता को समझा और सरलता के साथ ऐसी नीतियों का निर्माण किया जिसने कंपनी को अगुआ बनाए रखा है। इन नीतियों का एक बेहतरीन उदाहरण है निर्माण कार्य से जुड़े हर व्यक्ति तक बेहतर जानकारियों को पहुंचाना। जिससे वे अपने क्षेत्र में और अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित होते रहे। इसी के तहत कंपनी हमेशा ही निर्माण कार्य से जुड़े हर तबके के लिए गुणवत्तापूर्वक सम्मेलन का आयोजन करती है। इस बार कंपनी ने बिहार की राजधानी पटना में फेब्रिकैटर्स मीट का आयोजन किया।

24 सितंबर को कंपनी ने इस मीट को पटना में अपने युनिट प्लांट में आयोजित किया। इस मीट में फेब्रिकैटर्स को कामधेनु के उच्च गुणवत्ता वाले कलर कोटेड शीट्स की जानकारी दी गई। यहां लगभग 25 फेब्रिकैटर्स सम्मिलित हुए और कामधेनु की ओर से श्री सुशांत और श्री शैलेंद्र, एग्जीक्यूटिव मार्केटिंग सम्मिलित हुए। साथ ही लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए कामधेनु कलर मैक्स का उत्पादन करने वाली कंपनी मेसर्स सर्राफ रीयल इंफ्रा प्रा.लि. के निदेशक श्री बासु सर्राफ और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव श्री बी.डी ओझा भी सम्मिलित हुए।

इस मीट में श्री सुशांत ने कामधेनु कलर मैक्स की गुणवत्ता की जानकारी देते हुए कहां कि, "कलर मैक्स शीट लाइफ लॉन्ग प्रोडक्ट है जो एक कम्पलीट रूफिंग सलूशन देता है। गुणवत्ता में बेहतर होने के बाद इसकी किफायती लागत इसे हर वर्ग के ग्राहकों की पहली पसंद बनाते जा रहा है।" आगे कहते हुए सुशांत ने कहा, राज्य में स्मार्ट सिटी और ग्रीन बिल्डिंग कांसेप्ट को लेकर काफी काम किया जा रहा है। साथ ही ऐसे बड़े–बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है जिसमें रूफिंग के लिए उच्च गुणवत्ता वाले शीट्स की जरूरत है और इस शीट्स की जरूरत को कलर मैक्स के जरिए आसानी से पूरा किया जा रहा है। कलर मैक्स शीट्स कई वैरायटी में उपलब्ध है जिसे अपनी जरूरत के लिहाज से उपयोग किया जा सकता है। कामधेनु लिमिटेड द्वारा आयोजित इस कायक्रम से फेब्रिकैटर्स काफी उत्साहित दिखे और कलर मैक्स शीट्स की गुणवत्ता को जानकर उसके मुरीद हो गए। साथ ही आगे होने वाले निर्माण कार्यो में कलर मैक्स के उपयोग पर आश्वस्त किया।

यहां मेसर्स सर्राफ रीयल इंफ्रा प्रा.लि. के निदेशक श्री बासु सर्राफ ने कहा कि, "कामधेनु लिमिटेड उच्चगुणवत्ता वाले कलर कोटेड शीट्स को बेहतरीन लोजिस्टिक्स के जरिए प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर पूरे बिहार में उपलब्ध करा रही है। साथ ही फेब्रिकैटर्स के लिए भी स्कीम लेकर आती है जिससे उन तक भी बेहतर सुविधा और लाभ पहुंचाया जा सके। हमें इस बात की खुशी है कि हम ऐसी कंपनी से जुड़े हुए है जो व्यवसायिक और व्यवहारिक मूल्यों को सही ढंग से समझती है और इनोवेशन को बढ़ावा देती है।"









RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.10.2017



# KAMDHENU COLOUR MAX ने डीलर्स मीट का आयोजन किया

COLOUR COATED METAL SHEETS



देश में निर्माण के क्षेत्र में प्रमुख ओर पसंदीदा ब्रांडों में शामिल हो चुकी कामधेनु लिमिटेड आज लगातार विकास के नये मापदंड तय कर रही है। कंपनी आज बिल्डिंग निर्माण से संबंधित संपूर्ण उत्पाद उपलब्ध करा रही है जिससे ग्राहकों को निर्माण का कंपलीट सोल्यूशन मिल रहा है। इन सारे कार्यों को कंपनी बेहतरीन प्रबंधकीय क्षमता के साथ पूरा कर रही है और इसमें कंपनी के डीलर्स भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देते है। डीलर्स कंपनी में अपना योगदान इसी तरह से देते रहे इसलिए कंपनी उनको हमेशा प्रोत्साहित करती रहती है।

इसी के तहत कंपनी ने पंजाब के लुधियाना में कामधेनु कलर मैक्स के डीलर्स के लिए डीलर्स मीट का आयोजन किया। डीलर्स और कंपनी के रिश्ते को मजबूती देने व आपसी साझेदारी को बढ़ाने के लिए आयोजित किए गए इस मीट को कंपनी ने 7 अक्टूबर को लुधियाना के होटल महाराजा रेजेंसी में आयोजित किया। इस भव्य आयोजन में लगभग 150 डीलर्स सम्मिलित हुए और कंपनी के वरिष्ठ अधिकरियों से मुखातिब हुए। यहां कामधेनु के पदाधिकारियों में श्री वी.के. गहलोत (सीनियर जीएम, मार्केटिंग), श्री भास्कर चौधरी (जीएम, मार्केटिंग, कलर मैक्स डिविज़न), श्री हिमांशु शर्मा, श्री पुनीत सिंह अरोड़ा, श्री सचिन ठाकुर, श्री साहिल प्रताप साही सम्मिलित हुए। इस मीट में लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए कलर मैक्स शीट का उत्पादन करने वाली कंपनी मेसर्स चेतक इंडस्ट्रीज के निदेशक श्री अतुल मित्तल एवं श्री अनिश गोयल और ग्लोबल प्रोफाइल्स एंड अलाय के निदेशक श्री ज्योति कंसारा सम्मिलित हुए। इस पूरे कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन में डिस्ट्रीब्यूटर श्री नसीब गार्गी, मेसर्स जीएनसी स्टोर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

यहां कंपनी के श्री भास्कर चौधरी (जीएम, मार्केटिंग, कलर मैक्स डिविज़न) ने डीलर्स को सम्बोधित करते हुए कहा, ''हम आपके ईमानदार प्रयासों की सराहना करते हैं। आपके प्रयासों से हम हर क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं और बाज़ार में कामधेनु कलर मैक्स की हिस्सेदारी को भी बढ़ा रहे हैं। इसलिए हमारी भी कोशिश रहती है कि हम आपको प्रोत्साहित तथा साथ ही आपके सुझावों को भी अपनाते रहे''

श्री भास्कर चौधरी ने कामधेनु कलर मैक्स के डीलर्स को शीट्स की खासियतों के बारे में विस्तार से बताया और कंपनी की उन योजनाओं के बारे में भी बताया जो डीलर्स के लिए लाई जा रही हैं। साथ ही बाज़ार में और अधिक हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए व्यवसायिक गुणों को सिखाया। इसके साथ ही चौधरी ने कहा, ''आप सभी डीलर्स ने कामधेनु कलर मैक्स को बाज़ार में बेहतर ढंग से स्थापित किया है।''

इस अवसर पर डीलर्स को संबोधित करते हुए सीनियर जीएम श्री वी.के. गहलोत ने कहा, ''हम डीलर्स की प्रशंसा करते हैं, जिन्होंने अपने प्रयासों से कामधेनु कलर मैक्स के सेल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और कलर मैक्स को रूफिंग का भरोसेमंद ब्रांड बनाया। इसलिए हमारी भी कोशिश है कि कंपनी और डीलर्स की यह फायदेमंद साझेदारी लगातार मुनाफे के साथ बढ़ती रहे।''

यहाँ कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर श्री आनंद मित्तल, कमल गोयल और लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए कामधेनु कलर मैक्स का उत्पादन करने वाली कंपनी मेसर्स चेतक इंडस्ट्रीज के निदेशक श्री अतुल मित्तल और अनिश गोयल ने भी अपने विचारों को साझा किया। यहां श्री अतुल मित्तल ने कहा, ''कामधेनु अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के कारण ग्राहकों की पहली पसंद बना है। हमें खुशी है कि हम उस कंपनी के साथ जुड़े हुए है जो बिजनेस में ग्राहकों के भरोसे को मजबूत कर रहा है। हम आश्वस्त हैं कि कामधेनु कलर मैक्स बाज़ार में ग्राहकों को कंपलीट रूफिंग सोल्युशन देता रहेगा।''

डीलर्स के इस मोटिवेशनल प्रोग्राम में कामधेनु कलर मैक्स का लाइसेंस अग्रीमेंट द्वारा उत्पादन करने वाली कंपनी ग्लोबल प्रोफाइल एंड अलाय के निदेशक श्री ज्योति कंसारा ने कहा, ''हम कामधेनु के साथ बीस वर्षों से जुड़े हुए हैं और हमें इस बात पर गर्व है कि हम उस कंपनी के साथ मिलकर उत्पादन कर रहे हैं जो उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों का निर्माण प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर कर रही है। कामधेनु कलर मैक्स कलर कोटेड शीट्स विविधता और गुणवत्ता भी ग्राहकों में कंपनी की साख बढ़ा रही हैं।




## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री सुनील गोयल**
**मेसर्स गुप्ता पेन्ट्स स्टोर**
नियर शमशान भूमि, मेहलाना चौक
गोहना रोड, सोनीपत (हरियाणा)
मो. 09466477467

**श्री सूरज बंसल**
**मेसर्स बंसल पेन्ट्स एण्ड मार्बल हाउस**
अम्बाला हिसार रोड, इस्मेलाबाद
हरियाणा
मो. 09466772753

**श्री मुनीश जिन्दल**
**मेसर्स चिरंजी लाल शिव प्रसाद**
मेन बाजार, कालका
पंचकुला, हरियाणा
मो. 09416460270

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com